M 7662

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

# I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M. Degree (CCSS – Supple./Improv.) Examination, November 2014 (2013 and Earlier Admissions) COMMON COURSE IN HINDI 1A07 1HIN : Creative Literature

Time: 3 Hours Max. Weightage : 25

निर्देश : किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :(Weightage 4)

1. साहित्य और समाज के परस्पर संबन्ध के बारे में जैनेन्द्र कुमार ने अपने निबन्ध में कैसे विचार किया है ? स्पष्ट कीजिए।

2. 'राजनीति का बंटवारा' में व्यक्त व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। (1×4=4)

निर्देश : किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : (Weightage 4)

3. 'वक्त' नामक कविता की समीक्षा कीजिए।

4. 'नये इलाके में' कविता की विशेषताओं पर एक लेख लिखिए। (1×4=4)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : (Weightage 2 for each)

5. 'पूस की रात' कहानी में भारतीय किसान की मार्मिक स्थिति का वर्णन किया गया है ।समर्थन कीजिए.

6. युनस को शहनाज़ अपना बाप क्यों नहीं मानती ?

7. श्रवण, सवर्ण से अवर्ग क्यों बन गया ? (2×2=4)

P.T.O.

निर्देश : किन्हीं तीन पद्यांशों की व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2 for each)**

8. हल की तरह

कुदाल की तरह
 या खुरपी की तरह
 पकड़ भी लूँ कलम को
 तो भी फसल काटने को
 मिलेगी नहीं हमको।

9. शव कोदें हम रंग, आदर मानव का मानव को हम कुत्सिन चित्र बना दें शव का ? गत युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर।

10. अभिव्यक्ति के इन सीधे-सादे रूपों को भी
सब भूल गए कोई
नहीं पहचानता।

11. और न यह पूछने का-
किसन्त और सिपाही में
देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य कौन है !

12. अब यही है उपाय कि हर दरवाज़ा खटखवटाओ और पूछो-
क्या यही है वो घर ?
समय बहुत कम है तुम्हारे पास। **(3×2=6)**

निर्देश : किन्हीं दो गद्यांशों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2 for each)**

13. अगर कोई सज्जन आपका प्रश्न सुनकर भी उसका उत्तर न दे तो उसके लिए उनसे अधिक आग्तह न करना चाहिए।

14. धीर धीरे वैसे विषाक्त वातावरण में उसका शरीर शिथिल हो चला और मन टूट गया। ज्वर रहने लगा, बेहोशी के दौर आने लगे।

15. उन्होंने अपने जीवन-विकास में समाज की लांछना की वैसे ही परवाह नहीं की, जैसे समाज को गौरव की। उनके कल्पनाशील हृदय ने अपने लिए एक आदर्श स्थापित कर लिया और बस, वे उसकी ओर सीधी रेखा में बढते रहे।

16. मैं इस धन और प्रतिष्ठा के मलवे के नीचे दबकर नहीं मरूँगा । मैं शोध करके नौकरी करूँगा। **(2×2=4)**

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढ़कर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(Weightage 1 for each bunch)**

17. यदि कहीं दो चार सज्जन इकट्ठे होकर किसी विषय पर एकान्त में बातचीत कर रहे हों तो अचानक बिना सूचना दिए उनके बीच में चले जाना अथवा उनकी बातें सुनना अशिष्टता है। ऐसे अवसर पर लोगों के पास जाकर बिना कुछ पूछे ही बातचीत करने लगना अनुचित है।

    अ) यह अवतरण किस पाठ से लिया गया है ?

    आ) इसका लेखक कौन है ?

    इ) यहाँ अशिष्टता की बात क्यो है ?

    ई) यहाँ क्या अनुचित है ?

18. वह तीन भाइयों में अकेली बहन होने के कारण विशेष दुलार में पलकर बडी हुई। विवाह उसके अबोधपन में ही हो गया और वैधव्य भी अनजाने आ पड़ा।

    अ) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ का है ?

    आ) इसके रचयिता कौन है ?

    इ) उस अकेली बहन का नाम क्या है ?

    ई) यहाँ किस समस्या की सूचना है ?

19. दोपहर हो चुकी है
    हर तरफ ताले लटक रहे हैं
    दीवारों से चिपके गोली के छर्रों
    और सडकों पर बिखरे जतों की भाषा में
    एक दुर्घटना लिखी गयी है
    हवा से फड़फड़ाते हुए हिन्दुस्तान के नक्शे पर
    गाय ने गोबर कर दिया है।

    अ) यह पद्यांश किस कविता से उद्धृत है ?

    आ) सडकों पर क्या बिखरा पडा है ?

    इ) इन पंक्तियों के रचयिता कौन है ?

    ई) यहाँ कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं ? **(3×1=3)**

---